# हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया




**सचिन की टीम**

सचिन तेंदुलकर ने अपनी विश्व कप एकादश टीम में पांच भारतीयों को रखा है हालांकि महेंद्र सिंह धौनी को इसमें जगह नहीं मिली है।


बुधवार, 17 जुलाई 2019, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण

www.livehindustan.com




## मां चंद्रिका देवी धाम में पौधे लगाए

लखनऊ। मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के पुराछात्रों का संगठन मोनेरेको एसोसियेशन के तत्वाधान में मां चंद्रका देवी धाम में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान पुराछात्रों के 50 से ज्यादा पारिवारिक सदस्यों ने धाम में पौधे रोपित किए। साथ ही मैगो पार्टी भी की। इस दौरान लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह, कोषाध्यक्ष, वीसी राय व वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनजीत सिंह अरोड़ा ने परिवार के सदस्यों का स्वागत किया। सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों मे चेतना जागृत व पृथ्वी को हरा-भरा रखने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। चन्द्रिका देवी धाम सेवा समिति के अध्यक्ष व  ग्राम- प्रधान को अनुदान भी दिया।